# 5 CHAPTER क्रिया

- वे शब्द या शब्द समूह जिनसे वाक्य में किसी कार्य के करने या होने का बोध होता है, उसे क्रिया कहते हैं।
- संस्कृत में क्रिया रूप को धातु कहते है। बिना क्रिया या धातु के किसी वाक्य की पूर्णता संभव नहीं है।

  **जैसे** – उठना, चलना, पढना, सोना आदि।

## क्रिया के भेद

क्रिया का वर्गीकरण कई आधारों पर किया जा सकता है जो इस प्रकार है –

### कर्म के आधार पर

- क्रिया शब्द का फल किस पर पड़ रहा है, वह किसे प्रभावित कर रहा है आदि आधारों पर किया जाने वाला भेद इसके अंतर्गत आता है।
- इस आधार पर क्रिया के मुख्यतः दो भेद हैं-

**1. सकर्मक क्रिया** : जिस क्रिया का फल कर्ता को छोड़कर कर्म पर पड़े, वह सकर्मक क्रिया कहलाती है।

- ✓ 'स' का प्रयोग 'सहित' के अर्थ में होता है, इसलिए सकर्मक का अर्थ हुआ - कर्म के साथ।
- ✓ अतः इस क्रिया में कर्म की आवश्यकता होती है।

**जैसे** –

- ✓ बच्चा चित्र बना रहा है ।
- ✓ गीता सितार बजा रही है।
- ✓ मिठाई देखकर बच्चे ललचाते हैं।
- ✓ बच्चा फल तोड़ रहा है ।

**सकर्मक क्रिया**

| **एक कर्मक** | **द्विकर्मक क्रिया** |
|---|---|
| जिस वाक्य में क्रिया के साथ एक कर्म प्रयुक्त हो, उसे एक कर्मक क्रिया कहते हैं । | जब वाक्य में क्रिया के साथ दो कर्म प्रयुक्त हुए हों तो उसे द्विकर्मक क्रिया कहते हैं। |
| माँ पढ़ रही है।' यहाँ माँ के द्वारा एक ही कर्म (पढ़ना) हो रहा है। | अध्यापक जी छात्रों को भूगोल पढ़ा रहे हैं। इस वाक्य में 'पढ़ा रहे हैं' क्रिया के साथ 'छात्रों' एवम् 'भूगोल' दो कर्म प्रयुक्त हुए हैं। अतः 'पढ़ा रहे हैं' द्विकर्मक क्रिया है। |
| महर्षि वेदव्यास ने जयसंहिता लिखी। | सोहन ने मोहन को थप्पड़ मारा। |
| लड़का पुस्तक पढ़ता है। | |

**नोट:** सकर्मक क्रिया के दो अन्य भेद इस प्रकार भी है –

**1. पूर्ण सकर्मक क्रिया** – जब किसी क्रिया को केवल एक कर्म की आवश्यकता हो व किसी पूरक शब्द की आवश्यकता न हो, वह कर्म सहित पूर्ण अर्थ देती हो, तो वह पूर्ण सकर्मक क्रिया कहलाती है।

जैसे - उसने चिट्ठी लिखी।

**2. अपूर्ण सकर्मक क्रिया** – ऐसी क्रिया जिसे कर्म की आवश्यकता होती है, परंतु उसका अर्थ तब तक पूर्ण नहीं होता जब तक कि उसमें कोई पूरक शब्द न जोड़ा जाए, उसे अपूर्ण सकर्मक क्रिया कहते हैं। जैसे - उसने उसे डाकघर भेजा।

**2. अकर्मक क्रिया :** वे क्रियाएँ जिनके साथ कर्म प्रयुक्त नहीं होता तथा क्रिया का प्रभाव वाक्य में प्रयुक्त कर्त्ता पर ही पड़ता है, उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं।

**जैसे –**
- ✓ कुत्ता भौंकता है।
- ✓ कविता हँसती है।
- ✓ टीना सोती है।

**अकर्मक क्रिया**

**अपूर्ण अकर्मक**

ऐसी क्रिया जिसमें कर्ता के विषय में पूर्ण विधान के लिए किसी संज्ञा या सर्वनाम जैसे पूरक शब्दों की आवश्यकता होती है, अपूर्ण अकर्मक कहलाती है। यहाँ वाक्य में पूरा भाव अन्य शब्दों के सहारे व्यक्त होता है।

जैसे - वह कुर्सी पर बैठा है।

**पूर्ण अकर्मक**

जब कोई क्रिया अपने आप में पूर्ण अर्थ देती है और उसे किसी अन्य पूरक शब्दों की आवश्यकता नहीं होती तो उसे पूर्ण अकर्मक क्रिया कहते हैं।

जैसे - राम हँस रहा है।

## अकर्मक क्रिया से सकर्मक क्रिया का निर्माण

- ➢ भाववाचक संज्ञा के रूप में अकर्मक क्रिया का प्रयोग करके सकर्मक क्रिया बनाई जा सकती है।
  जैसे - बढ़ना से-बढ़त, देवेन्द्र की आय में काफी बढ़त हो गई है।
- ➢ कुछ अकर्मक क्रियाओं के 'ट' को 'ड़' करने पर सकर्मक क्रियाएँ बनती हैं। जैसे –

| **अकर्मक क्रियाएँ** | **सकर्मक क्रियाएँ** |
|---|---|
| फटना | फाड़ना |
| छूटना | छोड़ना |

- ➢ दो अक्षरों वाली अकर्मक धातु के पहले या दूसरे स्वर को तथा तीन अक्षर वाली धातु के दूसरे अथवा तीसरे स्वर को दीर्घ करने से अकर्मक क्रिया सकर्मक बन जाती है, जैसे -

| **अकर्मक क्रियाएँ** | **सकर्मक क्रियाएँ** |
|---|---|
| पकड़ना | पकड़ाना |
| मिलना | मिलाना |

- ➢ अकर्मक क्रिया के 'इ' को 'ए' और 'उ' को 'ओ' कर देने से सकर्मक क्रिया बनती है, जैसे –

| **अकर्मक क्रियाएँ** | **सकर्मक क्रियाएँ** |
|---|---|
| तुलना | तोलना |
| खुलना | खोलना |

## प्रयोग तथा संरचना के आधार पर क्रिया के भेद:

- ➢ वाक्य में क्रियाओं का प्रयोग कहाँ किया जा रहा है, किस रूप में किया जा रहा है आदि आधारों पर क्रिया के निम्न भेद होते हैं-

**1. सामान्य क्रिया** – जब किसी वाक्य में एक ही क्रिया का प्रयोग हुआ हो, उसे सामान्य क्रिया कहते हैं।
**जैसे -** महेन्द्र जाता है। सन्तोष आई।

**2. संयुक्त क्रिया** – जो क्रिया दो या दो से अधिक भिन्नार्थक क्रियाओं के मेल से बनती है, उसे संयुक्त क्रिया कहते हैं।
**जैसे -**
- ✓ जया ने खाना बना लिया।
- ✓ हेमराज ने खाना खा लिया।
- ✓ घनश्याम रो चुका।
- ✓ वह घर पहुँच गया।

**3. प्रेरणार्थक क्रिया** – वे क्रियाएँ, जिन्हें कर्त्ता स्वयं न करके दूसरों को क्रिया करने के लिए प्रेरित करता है, उन क्रियाओं को प्रेरणार्थक क्रिया कहते हैं
**जैसे -**
- ✓ दुष्यन्त हेमन्त से पत्र लिखवाता है।
- ✓ कविता सविता से पत्र पढ़वाती है।
- ✓ अध्यापिका छात्रों से गृहकार्य करवाती है।
- ✓ शिक्षक ने छात्रों से पुस्तक पढ़वाई ।

| **मूल क्रिया** | **प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया** | **द्वितीय प्रेरणार्थक क्रिया** |
|---|---|---|
| कटना | काटना | कटवाना |
| सोना | सुलाना | सुलावना |
| उठ | उठाना | उठवाना |

| | | |
|---|---|---|
| रीतिवाचक क्रिया विशेषण | हाथी **धीरे-धीरे** आ रहा है।<br>राम **झटपट** निकल पड़ा ।<br>उसे **अनायास** लाभ मिल गया।<br>मकान **ऐसे** बनेगा ।<br>**विनयपूर्वक** बोलना चाहिए। | यों ही, तीव्र, तेज, सहज, जैसे-तैसे, चुपके-चुपके आदि |
| परिणाम वाचक क्रियाविशेषण | राम **बहुत** खेलता है।<br>**जरा** शान्त रहो ।<br>**ज्यादा** हँसना अच्छा नहीं है।<br>वह **इतना** दौड़ता है कि थक जाता है। | उतना, जितना, कितना, थोड़ा, अति, पर्याप्त, केवल, लगभग आदि |

**इनके अतिरिक्त कतिपय विद्वान द्वारा क्रिया विशेषण के अन्य प्रकार भी बताये गए हैं -**

1. **कारण वाचक क्रिया विशेषण** – वे अव्यय शब्द, जो क्रिया के कारण को प्रकट करते हैं।
   **जैसे -** इस तरह, अतः, किस प्रकार।
2. **स्वीकारवाचक क्रिया विशेषण** – वे अव्यय, शब्द, जो क्रिया की स्वीकृति को प्रकट करते हैं।
   **जैसे -** अवश्य, बहुत अच्छा।
3. **निषेधवाचक क्रिया विशेषण** – वे अव्यय शब्द, जो क्रिया के निषेध को प्रकट करते हैं।
   **जैसे -** न, नहीं, मत।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **निषेधवाचक क्रिया विशेषण** | न | निषेध के अर्थ में 'न' का प्रयोग होता है | ➢ वह **न** आए ।<br>➢ उससे काम **न** हुआ होगा ।<br>➢ काम करते जाओ, चिंता **न** करना । |
| | न | दो या दो से अधिक के निषेध के लिए भी 'न' का प्रयोग होता है | ➢ उसने **न** खाया, **न** पिया और **न** बात ही की। |
| | नहीं | निषेध की निश्चितता के अर्थ में 'नहीं' का प्रयोग होता है । | ➢ इस वर्ष मैंने आम **नहीं** खाया।<br>➢ वह **नहीं** आया । |
| | मत | आदेश के अर्थ में 'मत' का प्रयोग होता है | ➢ तुम **मत** खाओ ।<br>➢ तू इधर **मत** आ । |

4. **प्रश्न वाचक क्रिया विशेषण** – वे अव्यय शब्द, जो क्रिया के प्रश्न को प्रकट करते हैं।
   **जैसे -** कहाँ, कब ।
5. **निश्चयवाचक क्रिया विशेषण** – वे अव्यय शब्द, जो क्रिया के निश्चय को प्रकट करते हैं।
   **जैसे -** वास्तव में, मुख्यतः ।
6. **अनिश्चयवाचक क्रिया विशेषण** – वे अव्यय शब्द, जो क्रिया के अनिश्चय को प्रकट करते हैं।
   **जैसे -** शायद, संभवतः ।

## क्रिया विशेषण और सम्बन्ध बोधक में अन्तर :

- ➢ आगे, पीछे, नीचे आदि शब्द ऐसे हैं जो क्रिया विशेषण भी हैं तथा सम्बन्ध बोधक अव्यय भी।
- ➢ यदि इन शब्दों का प्रयोग क्रिया की विशेषता प्रकट करने के लिए होगा, तो वे क्रिया विशेषण कहलायेंगे, किन्तु जब वे संज्ञा या सर्वनाम का सम्बन्ध वाक्य के अन्य शब्दों के साथ बताएँगे, तब इन्हें सम्बन्ध बोधक अव्यय कहेंगे।

## क्रिया विशेषणों की रचना

- ➢ कुछ शब्द तो मूल रूप से ही **क्रिया विशेषण** होते हैं, किंतु कुछ क्रिया विशेषण शब्दों की रचना **प्रत्यक्ष समास** आदि के योग से भी होती है।
- ➢ रचना की दृष्टि से क्रिया विशेषण के दो भेद माने गए हैं

1. **मूल क्रिया विशेषण**
   - ✓ वे क्रिया विशेषण शब्द जो दूसरे शब्दों के मेल से निर्मित नहीं हुए हों, मूल क्रिया विशेषण कहलाते हैं।
   - ✓ जैसे - थोड़ा, अचानक, आज, कल, ठीक, शायद, पुन:, अधिक, चाहे, सदा, ऊपर, नीचे इत्यादि।
2. **यौगिक क्रिया विशेषण**
   - ✓ वे क्रिया विशेषण शब्द, जो अन्य शब्दों के मेल से जैसे – उपसर्ग, प्रत्यय, समास, संज्ञा, विशेषण, परसर्ग, द्विरुक्ति, पूर्वकालिक कृदन्त, अपूर्ण कृदन्त, अनुकरणात्मक शब्दों की द्विरुक्ति आदि से निर्मित होते हैं, यौगिक क्रिया विशेषण कहलाते हैं।
   - ✓ **जैसे -** चलते-चलते, एकसाथ, बेशक, प्रतिदिन, अक्षरश:, यथोचित, सम्भवत:, इत्यादि।